आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस को अपनी मंजूरी दे दी है।

2. आज राम नवमी का पावन त्योहार है—उप राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने इस अवसर पर द्वीपवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

3. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल स्टार्टअप्स की सहायता के लिए मंत्रालय में एक हेल्पलाइन डेस्क की स्थापना की घोषणा की।

4. द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हो रही है—खराब मौसम को देखते हुए मछुवारों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे इस सप्ताह संसद ने पारित किया था। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून बन गया है। गुरुवार को लोकसभा में इस विधेयक को पारित किया गया था, जिसमें दो सौ अट्ठासी सदस्यों ने इसका समर्थन और दो सौ बत्तीस ने इसका विरोध किया था। शुक्रवार को राज्यसभा में इस विधेयक को पारित किया गया, जिसमें एक सौ अट्ठाइस सदस्यों ने इसके पक्ष में और पचानबे ने इसके विरोध में मतदान किया।

<><><><><><><>

आज राम नवमी का पावन त्योहार है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जयंती के अवसर पर रामनवमी पूरे देश में और द्वीप समूह में भी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह दिन हमें भगवान श्री राम द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों को अपनाते हुए एक आदर्श समाज की स्थापना की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। वे त्याग, प्रेम और करुणा सहित नैतिकता और सामाजिक मूल्यों के उच्चतम आदर्शों का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमारे द्वीपों को परिभाषित करने वाली भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना को और मजबूत करेगा और यह उत्सव सभी द्वीपवासियों के लिए खुशी और समृद्धि लाएगा।

उधर विश्व हिन्दू परिषद की ओर से वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से रामनवमी के अवसर पर श्री विजयपुरम में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रैली आज शाम साढ़े तीन बजे प्रदर्शनी मैदान से

शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नेताजी स्टेडियम में आकर सम्पन्न होगी। इस दौरान सांस्कृतिक और भक्ति संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। उधर श्री हनुमानगढ़ मंदिर ब्रुक्शाबाद संजीवनी समिति द्वारा आज राम नवमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। मंदिर की ओर से शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से कल भारत की समृद्ध समुद्री विरासत का स्मरण करते हुए बासठवां राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था, 'समृद्ध सागर – विकसित भारत, नील अर्थ और हरित विकास के लिए युवा' जो एक स्थायी और विकसित समुद्री भविष्य को आकार देने में युवाओं की अभिन्न भूमिका को दर्शाता है। इस दिवस की शुरुआत कैप्टन बील की कब्र पर पुष्पांजलि समारोह के साथ हुई, जिसमें उन समुद्री अग्रदूतों को सम्मानित किया गया, जिनके योगदान ने इन द्वीपों में समुद्री यात्रा की नींव रखी। चोलंगा जेट्टी मरीन डॉकयार्ड में जहाजरानी सेवा निदेशक परवेश रंजा झा ने लाल ध्वज को औपचारिक रूप से फहराया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक और उप निदेशक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय समुद्री दिवस के महत्व और नीली अर्थव्यवस्था और हरित विकास को आगे बढ़ाने में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए, मरीन डॉकयार्ड में एक वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में एस सी आई, नाव मालिक संघों के सदस्य, जहाजरानी सेवा कर्मचारी और अन्य समुद्री हितधारक शामिल थे।

<><><><><><><>

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल स्टार्टअप्स की सहायता के लिए मंत्रालय में एक हेल्पलाइन डेस्क की स्थापना की घोषणा की। इससे नौकरशाही से जुड़े मुद्दों का समाधान होगा। नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ में उन्होंने कहा कि इसमें स्टार्टअप संस्थापकों को शिकायतें दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वालों का पंजीकरण क्षेत्रीय भाषाओं में भी किया जा सकता है। श्री गोयल ने बताया कि महारथी चैलेंज में शामिल होने वाले चालीस प्रतिशत प्रतिभागी टियर टू और टियर थ्री शहरों से हैं। इनमें महिलाओं का स्टार्टअप भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ का अगला संस्करण और भी व्यापक और प्रभावशाली होगा। उन्होंने कहा कि अगले आयोजन में पांच हजार से ज़्यादा स्टार्टअप को एक मंच प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज द्वीप समूह के एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होने संभावना है। नौ अप्रैल तक द्वीपसमूह में बारिश के साथ पैंतीस से पैंतालिस किमीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। समुद्र की स्थिति खराब रहने के कारण मछुआवरों को सलाह दी गई है कि वे आज से लेकर नौ अप्रैल तक समुद्र में न जाएं।

<><><><><><>

भारत संचार निगम लिमिटेड ने अप्रैल माह को ग्राहक सेवा माह घोषित किया है। इस माह का उद्देश्य मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन, एफ टी टी एच प्रावधान, लीज़ सर्किट प्रावधान और विश्वसीनयता और बिलिंग शिकायत निवारण की सेवा में सुधार करना है। इस अभियान का नारा है ''कनेक्टिंग विद केयर''। अभियान में कॉर्पोरेट मुख्यालय, सर्कल कार्यालय और व्यवसायिक क्षेत्र शामिल हैं। ग्राहक बी एस एन एल पोर्टल के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया साझा कर सकते हैं।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता नियम का पालन करने का अनुरोध किया है। इसके अनुसार पचास किलोवाट या उससे अधिक के कनेक्टेड लोड या साठ केवीए या उससे अधिक की अनुबंध मांग वाले सभी वाणिज्यिक भवनों को निर्धारित ऊर्जा दक्षता मानकों का पालन करना होगा। इसमें सभी नवनिर्मित भवन के अलावा वे भवन भी शामिल हैं, जिनमें अतिरिक्त निर्माण या परिवर्तन किए जा रहे हैं। विभाग ने कहा है कि भवन मालिकों को सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा संरक्षण उपायों को उनके भवन डिजाइन में शामिल किया गया है। निर्माण पूरा होने पर संबंधित प्राधिकरण से अधिभोग परमिट प्राप्त किया जाना चाहिए। शहरी क्षेत्रों के लिए अधिकार क्षेत्र वाले प्राधिकरण के रूप में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने इन ईसीबीसी प्रावधानों को अपने उपनियमों में शामिल किया है। इन नियमों के दायरे में आने वाले सभी वाणिज्यिक भवनों के मालिकों को अनुबंध मांग के लिए बिजली विभाग से बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नगरपालिका परिषद से आवश्यक अनुमोदन या मंजूरी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में दिसंबर दो हजार चौबीस और जनवरी दो हजार पच्चीस में आयोजित पांडिचेरी विश्वविद्यालय स्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अब पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्रों से नौ अप्रैल तक कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया गया है। इसमें मरीजों के लिए आधुनिक अल्ट्रा साउंड और एक्स–रे मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>